प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 23.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना अब रामजल सेतु लिंक परियोजना के नाम से जानी जाएगी–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने घोषणा की।
- राज्य सरकार के बजट पूर्व संवाद के तहत किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों से सुझाव लिए गए।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आज पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जा रही है–प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर पथ संचलन के कार्यक्रम।
- प्रदेश में नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर बारिश।

..............................

संशोधित पार्वती–कालीसिंध–चंबल–पीकेसी लिंक परियोजना अब रामजल सेतु लिंक परियोजना के नाम से जानी जाएगी। अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इसकी घोषणा की। श्री शर्मा ने कल जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर रामजल सेतु लिंक परियोजना के नामकरण के बाद इसके पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश को सुजलाम सुफलाम बनाने के लिए नदियों को जोड़ने की यह महत्वाकांक्षी परियोजना लाई गई है। इस परियोजना में चंबल और इसकी सहायक नदियों कुन्नू, कूल, पार्वती, कालीसिंध और मेज के सरप्लस वर्षा जल को बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पार्वती और गंभीर नदी बेसिनों में भेजा जाएगा। इस परियोजना से राजस्थान के 17 जिलों में वर्ष 2054 तक पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही, इन जिलों में स्थापित होने वाले उद्योगों के विकास के लिए भी पानी मिल सकेगा।

महिला और बाल विकास विभाग की योजनाओं को प्रभावी तरीक़े से धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से आज जयपुर में राज्य स्तरीय आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बिड़ला सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शिरकत करेंगी। महिला और बाल विकास शासन सचिव महेन्द्र सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में समेकित बाल विकास सेवा के जिला स्तर के उपनिदेशक, बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

..............................

राष्ट्रीय बालिका दिवस कल मनाया जाएगा। यह दिवस समाज में लड़कियों के सामने आने वाली असमानताओं के बारे में सार्वजनिक जागरुकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। महिला और बाल विकास मंत्रालय की ओर से मनाए जाने वाले इस दिवस पर देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम होंगे। भीलवाडा सीएमएचओ सीपी गोस्वामी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्कूली बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाएगा। साथ ही कई प्रतियोगिताएं भी होंगी।

..............................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर में किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की समृद्धि से ही देश–प्रदेश मज़बूत बनेगा। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों और पशुपालकों से मिले सुझावों को यथासंभव आगामी बजट में शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से राज्य सरकार 'कर्म भूमि से मातृभूमि' अभियान चलाकर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रेन वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चर बनाएगी। इससे किसानों को पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि खेती में नई तकनीक सीखने और अच्छी फसल पाने के लिए सरकार प्रगतिशील किसानों को विदेशों में भेजेगी। बैठक में विभिन्न जिलों के प्रगतिशील किसानों और डेयरी संघों ने मुख्यमंत्री को कृषि तथा पशुपालन के संबंध में सुझाव दिए।

.............................

जैसलमेर में गणतंत्र दिवस को लेकर सीमा सुरक्षा बल की ओर से सरहद पर ऑपरेशन सर्द हवा शुरू कर दिया गया है। 29 जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में बल ने अपनी चौकसी बढ़ा दी है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.............................

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज 128वीं जयंती है। देशभर में ये दिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस मौके पर ओडिशा के कटक में संस्कृति मंत्रालय की ओर से तीन दिवसीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेशभर में भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस को नमन किया जा रहा है। करौली जिले में आज कई जगह पथ संचलन के कार्यक्रम हो रहे हैं। हिंडौन सिटी में महाराजा सूरजमल स्टेडियम से पथ संचलन किया जाएगा। इसमें सजीव झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। सवाईमाधोपुर में भी पथ संचलन सहित विभिन्न आयोजन हो रहे हैं।

हाल ही में आकाशवाणी से प्रसारित मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पराक्रम दिवस का जिक्र करते हुए सुभाष चंद्र बोस द्वारा देश के लिए किये गये कार्यों को याद किया। श्री मोदी ने युवाओं से उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की बात कही।

.............................

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कल अजमेर के किशनगढ में दो अलग–अलग विद्यालयों के वार्षिकोत्सव कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में सांसद कोष सहित विभिन्न मदों से बने कक्षा–कक्षों का लोकार्पण किया। श्री चौधरी ने विद्यार्थियों से संवाद भी किया। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि देश का भविष्य होनहार विद्यार्थियों के हाथों में है।

शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों और अनुशासन का पालन करना ही सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार शिक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

.............................

जोधपुर में हैंडीक्राफ्ट एक्सपो–आर्टिफैक्ट्स आज से शुरू हो रहा है। इसमें भारतीय हस्तशिल्प की समृद्ध विरासत और विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा। जिले के बोरानाडा में आयोजित ये कार्यक्रम

26 जनवरी तक चलेगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत एक्सपो के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे।

..............................

प्रदेश में पिछले तीन—चार दिनों सर्दी से राहत मिलने के बाद कल रात एक बार फिर नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से कई स्थानों पर बारिश हुई। इसके बाद इन जगहों पर ठंड के असर में बढोतरी हुई है। राजधानी जयपुर में देर रात हल्की बरसात हुई। नीम का थाना में दिनभर बादल छाए रहे और शाम को रुक रुक कर बूंदाबांदी हुई। हमारे भरतपुर संवाददाता ने बताया कि वहां हल्की से मध्यम बारिश होने के बाद सर्दी का असर बढ़ गया है।

..............................

डीग में सुबह से रुक रुक कर बारिश का दौर जारी है। उप मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मानसिंह ने लोगों से बदलते मौसम के साथ एहतियात बरतने की अपील की है।

..............................